an>

Title: Need to strengthen security system at all the railway stations in the country.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद): 16 फरवरी 2016 को ऊना से नई दिल्ली आने वाली जन शताब्दी एक्सप्रेस में विस्फोटक पदार्थ मिलने से ट्रेन की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गया है। ट्रेन में विस्फोटक पदार्थ लेकर चढ़ना न सिर्फ गम्भीर अपराध है बल्कि यात्रियों की सुरक्षा में एक बहुत बड़ी चूक भी है। भारतीय रेल की पहली प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा होनी चाहिए। बड़े स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था में खामियां अक्सर उजागर होती रहती हैं। वैसे तो स्टेशन पर यात्रियों और उनके सामानों को जांचोपरान्त भेजने का नियम है परन्तु यह काम सख्ती से नहीं किया जाता। इसके अतिरिक्त और भी कई ऐसे रास्ते होते हैं जिनके माध्यम से बिना जांच के स्टेशन पर प्रवेश किया जा सकता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि रेलवे सफर को सुरक्षित बनाने के लिए यात्रियों और उनके सामानों की प्रत्येक रेलवे स्टेशनों पर जांच की पुख्ता व्यवस्था की जाए। साथ ही स्टेशनों को इस तरह से व्यवस्थित किया जाए ताकि कोई व्यक्ति अन्य किसी रास्ते से बिना सुरक्षा जांच के प्रवेश न कर सके। साथ ही पार्सल में प्रतिबंधित सामान भेजे जाने के मामले में भी सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त किये जाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं।